Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

قَوْلٌ مَّعْرُوْفٌ وَّمَغْفِرَةٌ خَيْرٌ مِّنْ صَدَقَةٍ يَّتْبَعُهَآ اَذًى ؕ وَاللّٰهُ غَنِيٌّ حَلِيْمٌ ۝

(सूरः अल् बकरः : 164)

अनुवाद : नेक बात कहना और माफ़ करना उस सदक़े से बेहतर है जिसके बाद नुक़्सान हो। और अल्लाह अत्यन्त दयावान (और) सहनशील है।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 8
अंक-19

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

20 शवाल 1444 हिज्री कमरी, 11 हिजरत 1402 हिज्री शम्सी, 11 मई 2023 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

(2377) हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन किया कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने अंसार को बुलाया इस लिए कि उनको बेहरीन में जागीरें दें तो उन्होंने कहा : हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम! अगर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम हमे देते हैं तो हमारे भाई क़ुरैशियों को भी वैसी ही जागीरें दीजिए। परंतु उस वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास और नहीं थीं। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : तुम मेरे बाद अनक़रीब देखोगे कि तुम पर दूसरे मुक़द्दम किए जाऐंगे। उस वक़्त तुम सब्र करना, यहां तक कि मुझ से मिलो।

अल्लाह तआला अंसार रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में फ़रमाता है يُحِبُّوْنَ مَنْ هَاجَرَ اِلَيْهِمْ وَلَا يَجِدُوْنَ فِيْ صُدُوْرِهِمْ حَاجَةً مِّمَّآ اُوْتُوْا وَيُؤْثِرُوْنَ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ وَلَوْ كَانَ بِهِمْ خَصَاصَةٌ (अल्-हशर : 10) जो लोग हिज्रत करके अंसार रज़ियल्लाहु अन्हो के पास आए हैं उनसे वह मुहब्बत रखते हैं और अपने दिलों में इस (माल) की कोई ख़ाहिश नहीं रखते थे जो इन (मुहाजेरीन रज़ियल्लाहु अन्हो) को दिया गया और वह उनको अपने नफ़सों पर तर्जीह देते हैं। जबकि वह स्वयं ज़रूरतमंद हों।

हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वलीउल्लाह शाह साहिब फ़रमाते हैं कि मुंदरजा बाला हदीस से साबित होता है कि क़ुरआन-ए-मजीद का वर्णन करदा वस्फ़ अंसार पर पूरे तौर पर सादिक़ है।

(सही अल्बुख़ारी, भाग 4 किताब अल्मसाका, प्रकाशित 2008 कादियान)

★ ★ ★

एक सच्चा मुस्लमान न मग़ज़ूब हो सकता है न ज़ालीन के ज़मुरा में शामिल हो सकता है मग़ज़ूब वह क़ौम है जिस पर ख़ुदा तआला का ग़ज़ब भड़का और ज़ाल से मुराद ईसाई हैं

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

इस्लाम धर्म चूँकि एतेदाल पर वाक़्य हुआ है इसलिए अल्लाह तआला ने तालीम यही दी है और मग़ज़ूब और ज़ालेन से बचने की हिदायत फ़रमाई है। एक सच्चा मुस्लमान न मग़ज़ूब हो सकता है न ज़ालेन के ज़मुरा में शामिल हो सकता है। मग़ज़ूब वह क़ौम है जिस पर ख़ुदा तआला का ग़ज़ब भड़का। चूँकि वह ख़ुद ग़ज़ब करने वाले थे इसलिए ख़ुदा के ग़ज़ब को खींच लाए और वे यहूदी हैं और ज़ाल से मुराद ईसाई हैं।

ग़ज़ब की कैफ़ीयत क़ुव्वत सबई से पैदा होती है और ज़लालत वहमी क़ुव्वत से पैदा होती है। और वहमी क़ुव्वत हद से ज़्यादा मुहब्बत से पैदा होती है। बे-जा मुहब्बत वाला इन्सान बहक जाता है حُبُّكَ الشَّيْءَ يُعْمِيْ وَيُصِمُّ इस का उद्गम स्रोत और उद्देश्य क़ुव्वत वहमी है। इसकी मिसाल यह है कि चादर को बैल समझता है और रस्सी को साँप बनाता है। यही वजह है कि किसी शायर ने अपना माशूक़ ऐसा क़रार नहीं दिया जो दूसरों से बढ़कर न हो। प्रत्येक के भ्रम ने नई तस्वीर ईजाद की।

क़ुव्वत-ए-बहीमी में जोश हो कर इन्सान जादा-ए-एतिदाल से निकल जाता है : इस लिए ग़ज़ब की हालत में दरिन्दे का जोश बढ़ जाता है। उदाहरणतः कुत्ता पहले आहिस्ता-आहिस्ता भौंकता है फिर कोठा सिर पर उठा लेता है। आख़िर कार दरिंदे तैश में आकर नोचते और फाड़ खाते हैं। यहूद ने भी इसी तरह ज़ुलम व ताअद्दी की बुरी आदतें इख़्तेयार कीं और ग़ज़ब को हद तक पहुंचा दिया। आख़िर ख़ुद मग़ज़ूब हो गए। क़ुव्वत-ए-वहमी को जब ग़ल्बा होता है तो इन्सान रस्सी को साँप बनाता और दरख़्त को हाथी बतलाता है और इस पर कोई दलील नहीं होती। यह क़ुव्वत औरतों में ज़्यादा होती है। इसी वास्ते ईसाई मज़हब और बुतपरस्ती का बड़ा सहारा औरतें हैं। उद्देश्य इस्लाम ने जादा एतेदाल पर रहने की तालीम दी जिसका नाम اَلصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ है।

(मल्फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 456 प्रकाशित कादियान 2003)

★ ★ ★

अंबिया की जमाअतों की तरक़्क़ी और इबतेला यह दो जुड़वे भाई हैं जो एक दूसरे से जुदा नहीं हो सकते
जब तक कोई क़ौम मरने के लिए तैयार न हो वह ज़िंदा नहीं हो सकती क्योंकि ज़िंदगी मौत के बग़ैर हासिल नहीं हो सकती

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हो फ़रमाते हैं :

उद्देश्य यह कि बाद दीगरे उन लोगों (यानी सहाबा किराम रिज़वानुल्लाह अलैहिम -नाकिल) ने मौत को क़बूल किया और मौत में ही अपनी सारी कामयाबी समझी। यही चीज़ थी जिसकी वजह से वह थोड़े समय में सारी दुनिया पर ग़ालिब आगए और ऐसी शान से ग़ालिब आए कि इस की मिसाल पहली किसी क़ौम में नहीं मिलती। फिर देख लू मसायब का यह सिलसिला जल्दी ख़त्म नहीं हो गया बल्कि एक लंबे अरसा तक जारी रहा। ख़िलाफ़त क़ायम हुई तो हज़रत अमर रज़ियल्लाहु अन्हो शहीद हुए । हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो शहीद हुए । हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो शहीद हुए और कर्बला के मैदान में तो रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का क़रीबन सारा ख़ानदान ही शहीद हो गया। कुछ लोग ग़लती से यह समझते हैं कि इबतेला सिर्फ़ इबतेदाई ज़माना में आते हैं, तरक़्क़ी के ज़माना में इबतेलाओं का सिलसिला बंद हो जाता है परंतु यह दरुस्त नहीं। अंबिया की जमाअतों की तरक़्क़ी और अब्तेला दो जुड़वा भाई हैं जो एक दूसरे से जुदा नहीं हो सकते। इबतेदा से इबतेदाई ज़माना में भी इबतेला आते हैं और तरक़्क़ी के इंतेहाई ज़माना में भी इबतेला आते हैं। इस तरह इब्तेदा से इंतेहा तक इबतेलाओं का सिलसिला जारी रहता है। जब नबी एक मुनफ़रद वजूद होता है और इस पर सिर्फ एक या दो आदमी ईमान लाने वाले होते हैं, उस वक़्त भी इबतेला आते हैं और इंतेहाई उरूज के वक़्त जब सिलसिला को तरक़्क़ी पर तरक़्क़ी हासिल हो रही होती है उस वक़्त भी इबतेला आते हैं। मुहम्मदुर्रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को पहले दिन भी मसायब और मुश्किलात में से गुज़रना पड़ा और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और आप पर ईमान लाने वालों को मुख़्तलिफ़ किस्म के इबतेला पेश आए और इस के बाद जब प्रगति का ज़माना आया उस वक़्त भी इन इबतेलाओं का सिलसिला जारी रहा । यह नहीं हुआ कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी ज़िंदगी में किसी दिन इस ख़्याल के साथ सोए हो कि अब समस्त मुश्किलात पर क़ाबू पा लिया गया है। और वह समस्त मसाइल जो मुस्लमानों की तरक़्क़ी

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दीन और शरीयत को कामिल किया, मुकम्मल किया तो क़ुरआन-ए-करीम में यह फ़रमाया कि

اَلْيَوْمَ اَكْمَلْتُ لَكُمْ دِيْنَكُمْ وَاَتْمَمْتُ عَلَيْكُمْ نِعْمَتِيْ وَرَضِيْتُ لَكُمُ الْاِسْلَامَ دِيْنًا

यह दावा सिर्फ़ इस्लाम का है किसी दूसरे मज़हब का नहीं कि अब आख़िरी दीन इस्लाम ही है जो अल्लाह तआला का दीन है

अल्लाह तआला यह ऐलान फ़र्मा रहा है कि क़ुरआनी तालीम ही है जो अब इन्सान की अख़लाक़ी और रुहानी तरक़्क़ी का ज़रीया है

जो कुछ भी इन्सान की ज़रूरियात थीं उनको हर लिहाज़ से पूरा करने वाला केवल क़ुरआन-ए-करीम है, कोई ऐसी ज़रूरत नहीं जिसका क़ुरआन--ए-करीम ने अहाता न किया हो

इससे आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आने का उद्देश्य भी पूरा हो गया और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ही वह कामिल और आख़िरी नबी हैं जिन पर इस कमाल दर्जा की शरीयत नाज़िल हुई

अतः यह हमारा अक़ीदा है और इस पर हमें ईमान है

हमारी बैअत का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम इस उद्देश्य को अपने सामने रखेंगे

इसके लिए हमें क़ुरआन-ए-करीम को पढ़ने और समझने की तरफ़ हमेशा तवज्जा रखनी चाहिए, इसके लिए बेहतरीन ज़रीया हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की कुतुब और इर्शादात हैं

अगर हम में से प्रत्येक इस रमज़ान में इस पर अमल करने का अह्द कर ले और क़ुरआन-ए-करीम की तालीमात पर अमल करने का एक पक्का इरादा कर ले

तो जहां हम अपनी रूहानियत में तरक़्क़ी कर रहे होंगे वहां हमारा समाज भी एक जन्नत नज़ीर समाज बन रहा होगा

घरों और ख़ानदानों के झगड़े जो मुख़्तलिफ़ वक़्तों में पैदा होते रहते हैं मुहब्बत और प्यार में बदल सकते हैं

क़ुरआन-ए-करीम की तालीम में यह ख़ूबी भी है कि हर ज़माने की जो बुराईयां पैदा हो रही हैं

इस का ईलाज इसी तालीम में मिल जाता है जो मुफ़स्सेरीन के ज़रीया से, अल्लाह तआला के नेक बंदों के ज़रीया से हमें पता लगता रहता है

यह भी क़ुरआनी तालीम का ख़ास्सा है कि क़ुरआन-ए-करीम की तालीम पर कामिल अमल करने वाले ही ग़ैरमामूली बरकात हासिल करने वाले हैं

क़ुरआन-ए-करीम चमत्कार है जिसकी मिसल कोई इंसान और जिन् नहीं ला सकता और इस में वे मआरिफ़ और ख़ूबियां जमा हैं जिन्हें इन्सानी इलम जमा कर सकता

"क़ुरआन-ए-करीम तंग दस्तों को सदक़ात देता और सारी तंगियाँ दूर करता बल्कि इख़लास वालों को सोने की डलियां देता है"

(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़रीया ही क़ुरआनी उलूम के मआरिफ़ हम तक हैं और

आप अलैहिस्सलाम ने क़ुरआन-ए-करीम की मुकम्मल की पैरवी की है और हमें क़ुरआन-ए-करीम का हक़ीक़ी इर्फ़ान अता फ़रमाया है

ये लोग जो अपनी हठधर्मी से बाज़ नहीं आते या नहीं आ रहे ख़ुदा बग़ैर मुवाख़िज़ा के नहीं उनको छोड़ेगा

किस तरह वह पकड़ेगा, किस तरह उसने मुवाख़ज़ा करना है यह अल्लाह तआला बेहतर जानता है

"आज समस्त ज़मीन पर सब इल्हामी किताबों में से एक फ़ुर्क़ान-ए-मजीद ही है कि उसका कलाम-ए-इलाही होना अकाट्य तर्कों से साबित है"

(हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम)

अल्लाह तआला हमें क़ुरआन-ए-करीम पर हक़ीक़ी तौर पर अमल करने वाला और उसकी तालीम के मुताबिक़ अमल करने वाला, उसको समझने वाला और अपनी ज़िंदगियां उसके मुताबिक़ व्यतीत करने वाला बनाए

हज़रत-ए-अक़दस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पुर मआरिफ़ इर्शादात की रोशनी में क़ुरआन करीम के कामिल और मुकम्मल होने का वर्णन

मुख़ालेफ़ीन के उपद्रव से महफ़ूज़ रहने, दुनिया के उमूमी हालात और फ़लस्तीन के मुस्लमानों के लिए रमज़ानुल मुबारक में दुआ की तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 07 अप्रैल 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

اَشْهَدُ اَنْ لَّا اِلٰهَ اِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ

وَاَشْهَدُ اَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَرَسُوْلُهٗ

-اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ

-بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ○ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ○ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَاِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ ○

اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ ○ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۙ غَيْرِ

الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ ○

अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर दीन और शरीयत को कामिल किया, मुकम्मल किया तो क़ुरआन-ए-करीम में यह ऐलान फ़रमाया कि اَلْيَوْمَ اَكْمَلْتُ لَكُمْ دِيْنَكُمْ وَاَتْمَمْتُ عَلَيْكُمْ نِعْمَتِيْ وَرَضِيْتُ لَكُمُ الْاِسْلَامَ دِيْنًا (अल्-मायद : 4)आज के दिन मैंने तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन कामिल कर दिया और तुम में अपनी नेअमत समस्त कर दी और मैंने इस्लाम को तुम्हारे लिए दीन के तौर पर पसंद कर लिया। अतः यह अल्लाह तआला का बहुत बड़ा एहसान है मुस्लमानों पर कि उनके लिए एक कामिल और मुकम्मल शरीयत अता फ़रमाई और यह दावा सिर्फ़ इस्लाम का है किसी दूसरे मज़हब का नहीं कि अब आख़िरी दीन इस्लाम ही है जो अल्लाह तआला का पसंदीदा दीन है और अगर अल्लाह तआला की रज़ा चाहिए तो इस्लाम क़बूल किए बग़ैर, उस की तालीम पर अमल किए बग़ैर कोई चारा नहीं।

अल्लाह तआला यह ऐलान फ़र्मा रहा है कि क़ुरआनी तालीम ही है जो अब इन्सान की अख़लाक़ी और रुहानी तरक़्क़ी का वाहिद ज़रीया है बल्कि यह तालीम

इस क़दर कामिल है कि माद्दी तरक़्क़ी के रास्तों के लिए भी अब यही तालीम है और उनकी तरफ़ लेकर जाती है। अतः जब अल्लाह तआला इस तालीम के मुताल्लिक़ اَکۡمَلۡتُ का ऐलान फ़रमाता है तो इस का मतलब है कि इन्सान की तमाम-तर सलाहियतें अख़लाक़ी हों, रुहानी हों या जस्मानी, उनका हुसूल क़ुरआन-ए-करीम पर

अमल करने से ही हो सकता है और इसकी कामिल तालीम जो है अगर उस प रहक़ीक़ी अमल करना है तो सिर्फ क़ुरआन-ए-करीम से मिल सकती है। और اَتۡمَمۡتُ कह कर यह ऐलान फ़रमाया और पूरी क़ुव्वत से फ़र्मा दिया कि जो कुछ भी इन्सान की ज़रूरियात थीं उनको हर लिहाज़ से पूरा करने वाला सिर्फ़ क़ुरआन-ए--करीम है। कोई ऐसी ज़रूरत नहीं जिसका क़ुरआन-ए-करीम ने अहाता न किया हो चाहे वह इन्सान की माद्दी ज़रूरियात हैं या रुहानी और अख़लाक़ी मयारों को हासिल करने की ज़रूरीयात और तरीक़े हैं। जो भी एक इन्सान इन्साफ़ की नज़र से देखना चाहे वह क़ुरआन-ए-करीम की तालीम में मौजूद है। अतः इस आयत के साथ क़ुरआन-ए-करीम ने यह ऐलान फ़र्मा दिया कि अब इन्सान की बक़ा इस तालीम के साथही वाबस्ता है और यह तालीम समस्त युगों और समस्त दुनिया के इन्सानों के लिए है और क़ुरआन-ए-करीम से पहले नाज़िल होने वाली समस्त तालीमात जो मुख़्तलिफ़ अंबिया पर उतरीं वह वक़्ती और इस ज़माने के लिहाज़ से थीं समस्त इन्सानियत के लिए थीं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस की वज़ाहत में यह भी ऐलान फ़रमाया कि इस से यह साबित होता है कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के आने का उद्देश्य भी पूरा हो गया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ही वह कामिल और आख़िरी नबी हैं जिन पर इस कमाल दर्जा की शरीयत नाज़िल हुई। अतः यह हमारा अक़ीदा है और इस पर हमें ईमान है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम पर एतराज़ करने वाले ये एतराज़ करते हैं कि जब यह अक़ीदा है और क़ुरआन-ए-करीम को आख़िरी शरीयत और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को आख़िरी नबी मानते हैं तो फिर आप के दावे की क्या हैसियत है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का दावा फिर क्या है और आप की फिर उस ज़माने में आने की ज़रूरत ही क्या थी? इस के मुख़्तलिफ़ जवाब हैं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने एक जगह इस का जवाब इस तरह भी फ़रमाया है कि अगर तुम इस्लामी तालीम पर अमल कर रहे होते तो फिर ठीक है मेरे आने की कोई ज़रूरत नहीं थी लेकिन ज़माने की उमूमी हालत और खासतौर पर मुस्लमानों की अपनी हालत इस बात का ऐलान कर रही है कि किसी मुअल्लिम की ज़रूरत है।

फिर उस तालीम को भूल जाने के बारे में ख़ुद आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया था और इसकी इस्लाह के लिए यह भी फ़रमाया था कि हर सदी में मुजद्दिद आएँगे। यह भविष्यवाणी फ़रमाई थी कि मुस्लमान क़ुरआन की तालीम कामिल होने के बावजूद इस तालीम को भूल जाऐंगे, नई बिदआत उनमें पैदा हो जाएँगी इसलिए तजदीद दीन के लिए मुजद्दिद आते रहेंगे और आख़िरी ज़माने में मसीह मौऊद और महदी माहूद आएँगे जो दीन को सुरय्या से ज़मीन पर लाएँगे। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपने लिटरेचर में, तहरीरात में, कुतुब में, हर जगह यह फ़रमाया है कि मैं आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ग़ुलामी में आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की शरीयत और दीन और क़ुरआन-ए-करीम की तालीम को दुनिया में फैलाने आया हूँ और अब आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़रीया दीन पूर्ण हो चुका है। उसे और इसी तालीम को ही दुनिया के हर कोने में पहुंचाने आया हूँ। तालीम की तकमील क़ुरआन-ए-करीम के आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर नाज़िल होने से हुई और इस ज़माने में क्योंकि इशाअत--ए-हिदायत और तालीम के वसायल नहीं थे इसलिए उस की इशाअत के लिए इस ज़माने में अपने वादे के मुताबिक़ अल्लाह तआला ने आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ग़ुलाम-ए-सादिक़ को भेजा। अतः यही काम है जिसे हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने सरअंजाम दिया और इसी के जारी रखने के लिए जमात अहमदिया का क़ियाम अमल में आया। और यही काम है जो जमाअत अहमदिया आप के दिए हुए लिटरेचर और आप की वर्णन करदा क़ुरआनी तफ़सीर के मुताबिक़ कर रही है और इस बात पर हर अहमदी को ग़ौर करना चाहिए कि इस उद्देश्य को हम किस हद तक पूरा कर रहे हैं। एक तो मजमूई तौर पर प्रोग्राम हैं और हो रहे हैं लेकिन इन्फ़रादी तौर पर भी चाहिऐं। अतः हमारी बैअत का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब हम इस उद्देश्य को अपने सामने रखेंगे। इस के लिए हमें क़ुरआन-ए-करीम को पढ़ने और समझने की तरफ़ हमेशा तवज्जा रखनी चाहिए। इस के लिए बेहतरीन ज़रीया हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की कुतुब और इर्शादात हैं।

क़ुरआन-ए-करीम के मुहासिन-ओ-ख़ूबियां में कुछ अरसा से हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इर्शादात की रोशनी में वर्णन कर रहा हूँ। आज भी क़ुरआन-ए-करीम की तालीम की तकमील के बारे में आप अलैहिस्स-लाम के कुछ इर्शादात पेश करूँगा।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं "यह बात साबित शूदा है कि क़ुरआन शरीफ़ ने दीन के कामिल करने का हक़ अदा कर दिया है जैसा कि वह स्वयं फ़रमाता है اَلۡیَوۡمَ اَکۡمَلۡتُ لَکُمۡ دِیۡنَکُمۡ وَ اَتۡمَمۡتُ عَلَیۡکُمۡ نِعۡمَتِیۡ وَ رَضِیۡتُ لَکُمُ الۡاِسۡلَامَ دِیۡنًا

(अल् मायद : 4) आर्थत आज मैं ने तुम्हारा दीन तुम्हारे लिए कामिल कर दिया है और अपनी नेअमत तुम पर पूरी कर दी है और मैं इस्लाम को तुम्हारा दीन मुक़र्रर करके ख़ुश हुआ। अतः क़ुरआन शरीफ़ के बाद किसी किताब को क़दम रखने की जगह नहीं क्योंकि जिस क़दर इन्सान की हाजत थी वह सब कुछ कुरान-- ए --शरीफ़ वर्णन कर चुका अब केवल मुकालमात-ए-इलाही का दरवाज़ा खुला है।" हाँ मुकालमात इलाही का दरवाज़ा खुला है। अल्लाह तआला बंदों से, अपने ख़ास बंदों से कलाम करता है। कोई नई तालीम नहीं है।" और वह भी ख़ुद बख़ुद नहीं" खुल गया फ़रमाया "बल्कि सच्चे और पाक मुकालमात जो स्पष्ट और खुले तौर पर नुसरत इलाही का रंग अपने अंदर रखते हैं और बहुत से उमूर ग़ैबिया पर मुश्तमिल होते हैं वह बाद तज़किया नफ़्स महिज़ पैरवी कुरान-ए-शरीफ़ और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के अनुसरण से हासिल होते हैं।" (चशमा-ए-मार्फ़त, रुहानी खजायन भाग 23 पृष्ठ 80)क़ुरआन-ए-करीम क्योंकि कामिल किताब है इसलिए अब उस की पैरवी और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की कामिल इत्तिबा के ज़रीया से ही अल्लाह तआला से ताल्लुक़ के ये रास्ते खुले हैं। इस के इलावा कोई रस्ता नहीं, कोई ज़रीया नहीं और आप को भी जो मुक़ाम मिला आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया मुझे इसी वजह से मिला है।

फिर क़ुरआन-ए-करीम के कामिल हिदायत होने के बारे में आप अलैहिस्सलाम एक जगह मज़ीद फ़रमाते हैं कि "क़ुरआन शरीफ़ सिर्फ इतना ही नहीं चाहता कि इन्सान तर्क-ए-शर कर के समझ ले कि बस अब मैं साहिब -ए- कमाल हो गया।" बुराईयां छोड़ दें तो कमाल नहीं हासिल हो गया" बल्कि वह तो इन्सान को आला दर्जा के कमालात और अख़लाक़-ए-फाज़िला से मुत्तसिफ़ करना चाहता है।" तो क़ुरआन-ए-करीम सिर्फ़ बुराईयां नहीं छुड़वाना चाहता बल्कि आला दर्जा के कमालात और अख़लाक़ फाज़ला इन्सान में पैदा करना चाहता है अर्थात बुराईयां भी छोड़नी हैं और फिर उसकी जगह आला अख़लाक़ भी इख़तेयार करने हैं" कि इस से ऐसे आमाल-ओ-अफ़आल सरज़द हों जो बनीनौ की भलाई और हमदर्दी पर मुश्तमिल हों और उनका नतीजा यह हो कि अल्लाह तआला उस से राज़ी हो जाए।" (मल्फ़ूज़ात भाग 7 पृष्ठ 270 ऐडीशन 1984 ई.) यह नतीजा निकलना चाहिए कि अल्लाह तआला राज़ी हो जाए

अतः यह सोच है जो हम में क़ुरआन-ए-करीम की तालीम के मुताबिक़ पैदा होनी चाहिए।

हम अपने जायज़े लें कि क्या यह सोच हमारी है। हम सिर्फ दूसरों की तरह पढ़ने का दावा कर रहे हैं या वाक़ई यह तबदीलियां भी पैदा हो रही हैं, अल्लाह तआला से ख़ास ताल्लुक़ भी हमारा पैदा हो रहा है।

रमज़ान में भी क़ुरआन-ए-करीम पढ़ा जाता है। दरस भी सुनते हैं। अतः उसको ज़िंदगी में लागू करना भी ज़रूरी है। और हमने तो अपने अहद बैअत में भी यह अहद किया हुआ है दस शरायत हैं उनमें यह लिखा हुआ है कि "क़ुरआन शरीफ़ की हुकूमत को पूर्णतः अपने सिर पर क़बूल कर लेगा।" (इज़ाला औहाम, रुहानी ख़ज़ायन भाग 3 पृष्ठ 564)

अतः अगर हम में से प्रत्येक इस रमज़ान में इस पर अमल करने का अहद कर ले और क़ुरआन-ए-करीम की तालीमात पर अमल करने का एक पक्का इरादा कर ले तो जहां हम अपनी रूहानियत में तरक़्क़ी कर रहे होंगे वहां हमारा समाज भी एक जन्नत नज़ीर समाज बन रहा होगा। घरों और ख़ानदानों के झगड़े जो मुख़्तलिफ़ वक़्तों में पैदा होते रहते हैं मुहब्बत और प्यार में बदल सकते हैं।

फिर इस बात की वज़ाहत फ़रमाते हुए कि इलाही शरीयत का बीज क़ुरआन-ए-

-करीम के ज़माने में अपने कमाल को पहुंच गया फ़रमाते हैं "चूँकि क़ुरआन शरीफ़ अच्छी बातों का आदेश देता है और बुरी बातों से रोकने में कामिल है।" जो काम करने वाले हैं उनकी हिदायत देने में और जिन से रोका गया है उनके बारे में बताने में कामिल है ,मुकम्मल तौर पर बता दिया है कि क्या करना है क्या नहीं करना"और ख़ुदा ने इस में यही इरादा किया है कि जो कुछ इन्सानी फ़ित्रत में इंतेहा तक बिगाड़ हो सकता है और जिस क़दर गुमराही और बद अमली के मैदानों में वह आगे से आगे बढ़ सकते हैं इन समस्त ख़राबियों की क़ुरआन शरीफ़ के ज़रीया से इस्लाह की जाये इस लिए ऐसे वक़्त में उसने क़ुरआन शरीफ़ को नाज़िल किया कि जबकि इन्सान में ये समस्त ख़राबियां पैदा हो गई थीं और रफ़्ता-रफ़्ता इन्सानी हालत ने प्रत्येक बदअ-क़ीदा और बद-अमल से आलूदगी इख़्तेयार कर ली थी और यही हिकमत-ए-इला-ही का तक़ाज़ा था कि ऐसे वक़्त में इस का कामिल कलाम नाज़िल हो क्योंकि ख़राबियों के पैदा होने से पहले ऐसे लोगों को इन जरायम और बद अक़ायद की सूचना देना कि वह उनसे पूर्णतः बे ख़बर हैं यह गोया उनको उन गुनाहों की तरफ़ ख़ुद मीलान है।" पहले ही बता देना कि ये ये गुनाह हैं और जिनका उनको पता ही नहीं, तसव्वुर ही कोई नहीं है तो इस चीज़ से फिर गुनाह फैलते हैं। आजकल हम यही देखते हैं। निज़ाम-ए-तालीम में बच्चों को जिन्सी ताल्लुक़ात के बारे में ऐसी बातें बताई जाती हैं जिनका बच्चों को कोई तसव्वुर ही नहीं है। वे परेशान हैरान होते हैं। अब तो माता पिता ने भी कहना शुरू कर दिया है कि यह क्या पढ़ाया जा रहा है बल्कि उसी का नोटिस लेते हुए महकमा तालीम ने भी नोटिस लिया है। बाअज़ अध्यापक हद से ज़्यादा आगे बढ़ गए हैं कि ऐसी बातें जिनका पता ही नहीं, तसव्वुर नहीं, जो उनकी बलूग़त की उम्र को पहुंचने तक उनको पता होनी चाहिऐं वह ख़ुद उनमें पैदा की जा रही हैं तो यही क़ानून-ए-शरीयत और इन्सानी क़ानून में फ़र्क़ है। यही क़ानून और क़ुरआन-ए-करीम की हिदायत में फ़र्क़ है कि क़ुरआन-ए-करीम हिदायत देता है और वाज़िह भी करता है कि इस उम्र की यह हिदायत और इस उम्र की यह हिदायत है। यह नहीं कि हर चीज़ को खोल के वर्णन कर दिया और फिर तफ़सीरें जो हैं वह प्रत्येक की अक़्ल और समझ के मुताबिक़ आहिस्ता-आहिस्ता उन्ही अल्फ़ाज़ में से निकलती चली आती हैं।

तो फ़रमाया "अतः ख़ुदा की वह्यी हज़रत-ए-आदम से तुख़्म-रेज़ी की तरह शुरू हुई और वह तुख़्म ख़ुदा की शरीयत का क़ुरआन शरीफ़ के ज़माना में अपने कमाल को पहुंच कर एक बड़े दरख़्त की तरह हो गया।"

(चशमा मार्फ़त, रुहानी ख़ज़ायन भाग 23 पृष्ठ 219-220)

अतः जिस तरह बुराईयां फैलती रहीं उनका ईलाज भी ज़माने के लिहाज़ से ज़ाहिर होता रहा और क़ुरआन-ए-करीम की तालीम में यह ख़ूबी भी है कि हर ज़माने की जो बुराईयां पैदा हो रही हैं इस का ईलाज इसी तालीम में मिल जाता है जो मुफ़-स्सेरीन के ज़रीया से, अल्लाह तआला के नेक बंदों के ज़रीया से हमें पता लगता रहता है।

फिर फ़रमाया कि "चूँकि कामिल किताब ने आकर कामिल इस्लाह करनी थी। ज़रूर था कि इस के नुज़ूल के वक़्त उसके जाए नुज़ूल में बीमारी भी कामिल तौर पर होता कि प्रत्येक बीमारी का कामिल ईलाज मुहय्या किया जाए। अत :इस जज़ीरा में कामिल तौर से बीमार .. थे और जिनमें वे समस्त रुहानी बीमारियां मौजूद थीं" यानी अरब में "जो उस वक़्त या उस के बाद आइंदा नसलों को लाहक़ होने वाली थीं" इस में मज़ीद वज़ाहत हो गई। जो उस वक़्त मौजूद थीं या आइन्दा नसलों में लाहक़ होने वाली थीं उनकी तालीम दे दी। क्योंकि ज़माना दूर नहीं जाना था, शरीयत कामिल हो रही थी इसलिए जो आइन्दा हो सकती थीं उनकी भी वज़ाहत कर दी और बता दिया किस हद तक कहाँ तक तुमने खोलना है। किस तरह तुम्हें खुलता जाएगा और इस लिए मुफ़स्सेरीन इसी तरह ज़माने के लिहाज़ से तशरीह करते चले गए। फ़रमाया कि"यही वजह थी कि क़ुरआन शरीफ़ ने समस्त शरीयत की तकमील की" और किताबों के नाज़िल होने के वक़्त न यह ज़रूरत थी और"दूसरी किताबों के नुज़ूल के वक़्त न यह ज़रूरत थी। न उनमें ऐसी कामिल तालीम है।"(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 38 ऐडीशन 1984 ई. आप ने यहां यह साबित फ़रमाया कि ख़ुद ईसाई और यहूदी इस बात का एतराफ़ करते हैं कि ज़माना हर लिहाज़ से इंतेहाई बिगड़ा हुआ था और इस वक़्त एक शरीयत की ज़रूरत थी।

यह वर्णन फ़रमाते हुए कि क़ुरआन-ए-करीम हरगिज़ किसी इन्सानी कलाम के मुशाबेह नहीं हो सकता आप उस को समझाते हुए, मिसाल देते हुए फ़रमाते हैं कि "जब चंद मुतकल्लेमीन इंशा पर्दाज़ अपनी अपनी इलमी ताक़त के ज़ोर से एक ऐसा मज़मून लिखना चाहें" अच्छे बोलने वाले, अच्छे लिखने वाले अपनी इल्मी ताक़त के द्वारा से मज़मून लिखना चाहें "कि जो निरर्थक और असत्य और व्यर्थ और झूठ और अश्लीलता और प्रत्येक व्यर्थ की बात और तेज़ ज़बानी और दूसरे समस्त उमूर हिक्मत मे हस्तक्षेपी और आलंकारिक शैली और आफ़ात मुनाफ़ी कमालियत व जामियात से पूर्णतः पाक और हो।" अर्थात जो हर किस्म के, फ़ुज़ूल किस्म के झूठ, बनाई हुई बातें, व्यर्थ की बातें, बेहूदा बातें, ठट्ठे हंसी इत्यादि और प्रत्येक बेकार और बेहूदा बात और उलझी हुई पेचीदा बातें और ऐसी सारी बातें जिसमें हिक्मत भी न हो और बलाग़त भी न हो जिनकी इन्सान को समझ ही न आए और अच्छा लिखने वाला इन सब फ़ुज़ूलीयात से पाक बातें लिखने की कोशिश करता है। यही एक अच्छे लिखने वाले की निशानी है कि हर किस्म की बेहूदगियों से वह पाक हो, उसका कलाम मुनज़्ज़ह और पाक हो और फ़रमाया कि"और सरासर हक़ और हिक्मत और फ़साहत और बलाग़त और हक़ायक़ और मआरिफ़ से भरा हुआ हो तो ऐसे मज़मून के लिखने में" न सिर्फ वह पाक हो बल्कि मआरिफ़ से भरा हुआ भी हो। तो ऐसे मज़मून के लिखने में "वही शख़्स सबसे अव्वल दर्जा पर रहेगा कि जो इलमी ताक़तों और वुसअत मालूमात और आम वाक़फ़ीयत और गूढ़ रहस्यों का ज्ञान में सबसे आला और मश्क़ और वरज़िश-ए-अमला ओ- इंशा में सबसे ज़्यादा तर फ़र्सूदा रोज़गार हो" बड़ा अच्छा हो, पढ़ा लिखा हो, ज्ञानी हो, अनुभवी हो वही ऐसा मज़मून लिख सकता है जो इन सारी चीज़ों से पाक हो" और हरगिज़ मुम्किन न होगा कि जो शख़्स इस से इस्तिदाद में , इलम में, लियाक़त में, प्रतिभा में, ज़हन में, अक़्ल में कहीं फ़िरोतर और मतंज़िल है।" बहुत नीचे गिरा हुआ है। "वह अपनी तहरीर में مِنْ حَيْثُ الْكَمالات इस से बराबर हो जाए।" जिस में यह सलाहियतें नहीं वह उस के बराबर तो नहीं हो सकता। फ़रमाया कि "मसलन एक तबीब हाज़िक़ जो इल्म-ए--अबदान में महारत रखता है।" एक डाक्टर है, बड़ा expert डाक्टर है जिसको बड़ी महारत है।" जिसको ज़माना दराज़ की मश्क़ के बायस से तशख़ीस-ए-अमराज़ और तहक़ीक़-ए-अवारिज़ की पूरी पूरी वाक़फ़ियत हासिल है।" सही तरह वह diagnose कर लेता है, उस के जो रोग हैं उनका भी इस को मुकम्मल तौर पर इल्म है।" और इलावा उसके फ़न-ए-सुख़न में भी यकता है।" एक ज़ायद चीज़ है इस में कि अच्छा वक्ता भी है।" और नज़्म और नस्र में रोज़गार पैदा करता है।" बहुत अच्छा है, बहुत मुमताज़ है" जैसे वह एक मर्ज़ के हुदूस की कैफ़ीयत और इस की अलामात।" अर्थात जब मर्ज़ पैदा होता है इस की कैफ़ीयत और अलामात" और अस्बाब फ़सीह और वसीअ तक़रीर में बकमाल सेहत-ओ-हक़्क़ानियत और ब निहायत मतानेत-ओ--बलाग़त वर्णन कर सकता है। इस के मुक़ाबले पर कोई दूसरा शख़्स जिसको फ़न--ए-तबाबत से एक ज़रा ज्ञान नहीं और फ़न-ए-सुख़न की नज़ाकतों से भी अवगत नहीं है मुम्किन नहीं कि उस के जैसा वर्णन कर सके।" दूसरा शख़्स जिसमें यह ख़ूबियां पाई नहीं जातीं वह तो यह सारी बातें वर्णन नहीं कर सकता जितना कि एक इल्म रखने वाला जो अपने पेशा में भी महारत रखने वाला है और इस के इलावा वर्णन भी अच्छा कर लेता है और तहक़ीक़ भी करने वाला है वह उस की तरह नहीं हो सकता जिसका इल्म बहुत सीमित हो। वह बहरहाल इस से ऊपर है । फ़रमाया "यह बात बहुत ही स्पष्ट और समझ मे आने वाली है कि जाहिल और आक़िल की तक़रीर में ज़रूर कुछ न कुछ अंतर होता है और जिस क़दर इन्सान कमालात-ए--इल्मिया रखता है। वे कमालात ज़रूर उस की इल्मी तक़रीर में इस तरह पर नज़र आते हैं जैसे एक साफ़ आईन में चेहरा नज़र आता है। और हक़ और हिक्मत के वर्णन करने के वक़्त वे अल्फ़ाज़ कि जो उस के मुख से निकलते हैं इस की लियाकत--ए-इलमी का अंदाज़ा मालूम करने के लिए एक पैमाना तसव्वुर किए जाते हैं और जो बात वुसअते इल्म और कमाल-ए-अक़्ल के चशमा से निकलती है और जो बात तंग और मुनक़बिज़ और तारीक और महिदूद ख़्याल से पैदा होती है। इन दोनों तौर की बातों में इस क़दर फ़र्क़" है। एक इलम-ओ-इर्फ़ान का चशमा है एक बिल्कुल सतही किस्म की बातें हैं तो उनमें वाज़िह फ़र्क़ पता लग जाता है। फ़रमाते हैं कि "फ़र्क़ वाज़िह होता है कि जैसी सूंघने के शक्ति के आगे इस शर्त के कि किसी फ़ित्ती या आरिज़ी आफ़त से माऊफ़ न हो ख़ुशबू और बदबू में फ़र्क़ वाज़िह है। जहां तक तुम चाहो फ़िक्र कर लो और जिस हद तक चाहो सोच लो कोई ख़ामी उस सदाक़त में नहीं पाओगे।" यह बड़ी सच्ची बात है"और किसी तरफ़ से कोई रोक नहीं देखोगे अतः जबकि من كل الوجوه साबित है कि जो फ़र्क़ इलमी और अकली ताक़तों में मख़फ़ी

होता है वह ज़रूर कलाम में ज़ाहिर हो जाता है और हरगिज़ मुम्किन ही नहीं कि जो लोग من حَیثُ العقل والعلم افضل और उत्तम हैं वे फ़साहत बयानी और रिफ़अत मआनी में हो समान जाएं" इलम-ओ-इर्फ़ान वाले बहरहाल ऊपर रहेंगे। वे एक आम आदमी के बराबर नहीं हो सकते। "और कुछ इस अंतर के बाक़ी न रहे। तो इस सदाक़त का साबित होना इस दूसरी सदाक़त के सबूत को अनिवार्य है कि जो कलाम ख़ुदा का कलाम हो उस का इन्सानी कलाम से अपने ज़ाहिरी और बातिनी कमालात में बरतर और आला और अद्वितय होना ज़रूरी है।"

अतः इस मिसाल से यह साबित होता है कि अल्लाह तआला का कलाम तो उन सबसे आला है। अल्लाह तआला ही समस्त उलूम का अहाता किए हुए है। इस जितना इलम तो किसी को भी नहीं "क्योंकि ख़ुदा के इलम से किसी का इलम बराबर नहीं हो सकता। और इसी की तरफ़ ख़ुदा ने भी इशारा फ़र्मा कर कहा है। فَاِلَّمۡ یَسۡتَجِیۡبُوۡا لَکُمۡ فَاعۡلَمُوۡۤا اَنَّمَاۤ اُنۡزِلَ بِعِلۡمِ اللّٰہِ (हूद : 15) ... यानी अगर कुफ़्फ़ार इस क़ुरआन की नज़ीर पेश न कर सकें और मुक़ाबला करने से आजिज़ रहें तो तुम जान लो कि यह कलाम इलम-ए-इन्सान से नहीं बल्कि ख़ुदा के इलम से नाज़िल हुआ है।" जब मिसाल पेश ही नहीं कर सकते तो फिर ज़ाहिर है कि इन्सान का कलाम नहीं यह ख़ुदा का कलाम है। "जिसके इल्म वसीअ और समस्त के मुक़ाबला पर उलूम इंसाने बे-हक़ीक़त और तुच्छ हैं इस आयत में बुरहान-ए-इन्नी की तर्ज़ पर-असर के वजूद को मोस्सर के वजूद की दलील ठहराई है।"फ़रमाते हैं "जिसका दूसरे लफ़्ज़ों में ख़ुलासा मतलब यह है कि इलम इलाही अपनी कमालियत के कारण और संक्षिप्ता के हरगिज़ इन्सान के नाक़िस इलम से समान नहीं हो सकता बल्कि ज़रूर है कि जो कलाम उस कामिल और बेमिसल इलम से निकला है वह भी कामिल और बेमिसल ही हो और इन्सानी कलामों से पूर्णतःइमतेयाज़ रखता हो। अतः यही कमालियत कुरान-ए-शरीफ़ में है।" (बराहीन-ए-अहमदिया, रुहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 216 से 240)

अतः हर लिहाज़ से कामिल होने का क़ुरआन-ए-करीम का दावा है और कोई नहीं जो उस के मुक़ाबले पर आ सके और न अब तक आया और न आ सकेगा।

फ़रमाते हैं कि क़ुरआन-ए-करीम ही मरातिब-ए-इल्मिया के साथ मरातिब-ए--अम्लीया के कमाल तक पहुँचाता है, इल्मी और अम्ली दोनों बातों में कमाल तक पहुँचाता है। फ़रमाया "क़ुरआन शरीफ़ जैसे मुरातिब इल्मिया में आला दर्जा कमाल तक पहुँचाता है वैसा ही मरातिब-ए-अम्लीया के कमालात भी इसी के ज़रीया से मिलते हैं और आसार-ओ-अनवार क़बूलीयत हज़रत अहदीयत उन्हीं लोगों में ज़ाहिर होते रहे हैं और अब भी ज़ाहिर होते हैं जिन्हों ने इस पाक कलाम की मुता-बअत इख़तेयार की है। दूसरों में हरगिज़ ज़ाहिर नहीं होते। अतः तालिब-ए-हक़ के लिए यही दलील जिसको वह बचशम-ए-ख़ुद देख सकता है काफ़ी है यानी यह कि आसमानी बरकतें और रब्बानी निशान सिर्फ क़ुरआन शरीफ़ के कामिल ताबईन में पाए जाते हैं" (बराहीन अहमदिया, रूहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 351-352 बक़ीया हाशिया नंबर : 11) क़ुरआन-ए-करीम की कामिल इत्तबा करोगे तो निशानात भी नज़र आएँगे। लोग निशानात का पूछते हैं कि हमें तो नज़र नहीं आया या इतनी देर दुआ की थी दुआ क़बूल नहीं हुई। इस के लिए अल्लाह तआला ने फ़रमाया है कि मेरी बात भी तो सुनो, मेरे पर ईमान भी तो मुकम्मल करो। मेरी बातों पर अमल भी तो करो। जब ये होगा तो फिर दुआएं भी अल्लाह तआला सुनता है। अतः यह भी क़ुरआनी तालीम का ख़ास्सा है कि क़ुरआन-ए-करीम की तालीम पर कामिल अमल करने वाले ही ग़ैरमामूली बरकात हासिल करने वाले हैं।

आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया क़ुरआन-ए-करीम ने कमाल-ए-ईजाज़ से समस्त दीनी सदाक़तों पर अहाता है।

ईजाज़ चमत्कार नहीं ईजाज़ अलिफ़। य। जीम के साथ है अर्थ यह है कि संक्षि-प्त मज़मून।

इस को वर्णन करते हुए आप अलैहिस्सलाम ने फ़रमाते हैं कि "फ़ुर्क़ान-ए-मजीद ने अपनी फ़साहत और बलाग़त को सदाक़त और हिक्मत और वास्तविक ज़रूरत के इल्तेज़ाम से अदा किया है और कमाल-ए-ईजाज़ से समस्त दीनी सदाक़तों पर अहाता कर के दिखाया है। इस लिए इस में प्रत्येक मुख़ालिफ़ और मुनकिर के साकित करने के लिए बराहीन सातेआ भरी पड़ी हैं और मोमेनीन की तकमील-ए-यक़ीन के लिए हज़ारहा दक़ायक़ हक़ायक़ का एक दरयाए अमीक़-ओ-शफ़्फ़ाफ़ इस में बहता हुआ नज़र आ रहा है। जिन उमूर में फ़साद देखा है उन्हें की इस्लाह के लिए ज़ोर मारा है। जिस शिद्दत से किसी इफ़रात या तफ़रीत का ग़लबा पाया है उसी शिद्दत से इसकी मुदाफ़ेत भी की है। जिन प्रकारों की बीमारीयां फैली हुई देखी हैं इन सब का ईलाज लिखा है। मज़ाहिब-ए-बातेला के प्रत्येक वहम को मिटाया है।' झूठे मज़हब जो सवाल उठाते हैं उनके जो वहम थे उनको मिटाया, ग़लत बातों को मिटाया।" प्रत्येक एतराज़ का जवाब दिया है। कोई सदाक़त नहीं जिसको वर्णन नहीं किया। कोई फ़िर्क़ा ज़ाला (ضالّہ) नहीं जिसका रद्द नहीं लिखा।" गुमराह लोग जो हैं उनके रद्द में बातें लिखें, बड़ा वाज़ेह तौर पर हर हुक्म है" और फिर कमाल यह कि कोई कलिमा नहीं कि बिना ज़रूरत लिखा हो।" बग़ैर ज़रूरत के कोई बात नहीं"और कोई बात नहीं कि बे मौक़ा वर्णन की हो और कोई लफ़्ज़ नहीं कि लग़ू तौर पर तहरीर पाया हो फिर निश्चित प्रतिबद्धता इन सब उमूर के फ़साहत का वह मर्तबा कामिल दिखलाया जिससे ज़्यादा-तर मुतसव्वर नहीं"हो सकता। सारी बातें (cover) कर लीं और मुख़्तसर तौर पर कीं लेकिन फ़साहत-ओ-बलाग़त इस से ज़्यादा हो ही नहीं सकती" और बलाग़त को इस कमाल तक पहुंचाया कि कमाल हसन तर्तीब और ठोस और अकाट्य तर्कों के वर्णन से इलम अव्वलीन और आख़रीन एक छोटी सी किताब में भर दिया।" पहलों के लिए भी इलम था। पहले भी मिसाल दे चुका हूँ। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया कि अरब के जो बद्दू थे जो गांव के रहने वाले थे उनको भी क़ुरआन-ए-करीम समझ आ गया और वे बाख़ुदा इन्सान बन गए, तालीम याफ़ता इन्सान बन गए, और जो इलम रखने वाले थे, उनको अपनी अक़ल के मुताबिक़ समझ आया और फिर उन तक नहीं अव्वलीन और आख़रीन तक भी समझ आ गया। आख़रीन में भी क़ुरआन-ए-करीम की तालीम ऐसी है जिसकी तफ़ासीर के हर लफ़्ज़ से हर ज़माने में एक नए मअनी निकलते चले जाते हैं जो इस ज़माने के लिहाज़ से हमें पता देते रहते हैं। फ़रमाया कि एक छोटी सी किताब में भर दिया" ताकि इन्सान जिसकी उम्र थोड़ी और काम बहुत हैं बेशुमार दर्द सिर से छूट जाए और ता इस्लाम को इस बलाग़त से इशाअत मसायल में मदद पहुंचे और हिफ़्ज़ करना और याद रखना हो।"

(बराहीन-ए-अहमदिया, रुहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 451-456 हाशिया दर हाशिया नंबर : 3)

क़ुरआन शरीफ़ हिफ़्ज़ भी लोग कर लेते हैं, बच्चे छोटी उम्र में कर लेते हैं। आप ने अपनी किताब बराहीन-ए-अहमदिया में ये साबित फ़रमाया है कि क़ुरआन-ए--करीम ही है जो अपनी इबारत के लिहाज़ से और ज़बान के लिहाज़ से ऐसी सदाक़तें वर्णन फ़रमाता है जो कहीं और नहीं हैं और इंजील इत्यादि किताबें तो इन्सानी दख़ल अंदाज़ी की वजह से इलाही किताबें अब रही नहीं।

फिर क़ुरआन-ए-करीम के ईजाज़ कलाम का कमाल एक जगह और वर्णन फ़रमाते हुए फ़रमाते हैं : "जब मुंसिफ़ आदमी क़ुरआन शरीफ़ को देखे तो फ़ील-फ़ौर उसे मालूम होगा कि क़ुरआन शरीफ़ में ईजाज़-ए-कलाम और قَلَّ وَدَلَ वर्णन में जो लाज़िमा ज़रुरीया बलाग़त है वह कमाल दिखलाया है।" यानी थोड़े मुख़्तसर अलफ़ाज़ में और वाज़िह वर्णन में कमाल तक पहुंच गया है" वह कमाल दिखलाया है कि वह बावजूद अहाता जमी ज़रूरियात-ए-दीन और इस्तीफा-ए-तमाम दलायल-ओ--बराहीन के इस क़दर हुजम में क़लील मिक़्दार है कि इन्सान सिर्फ तीन चार पहर के अरसा में इबतेदा से इंतेहा तक मजे के लिए उस को पढ़ सकता है।" इतने मुख़्तसर अलफ़ाज़ हैं कि आराम से इन्सान उस को पढ़ सकता है।" अब देखना चाहिए कि यह बलाग़त क़ुरआनी किस क़दर भारी चमत्कार है कि इलम के एक असीमित समुद्र को तीन चार भागों में लपेट कर दिखला दिया है। और हिक्मत के एक जहान को सिर्फ चंद पृष्ठों में भर दिया है। क्या कभी किसी ने देखा या सुना कि इस क़दर क़लील हजम किताब समस्त ज़माना की सदाक़तों पर मुश्तमिल हो। क्या अक़ल किसी आक़िल की इन्सान के लिए यह मर्तबा आलीया तजवीज़ कर सकती है कि वह थोड़े से लफ़्ज़ों में एक दरिया हिक्मत का भर दे जिस से इल्म-ए-दीन की कोई सदाक़त बाहर न हो।" (बराहीन-ए-अहमदिया, रुहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 526 - 527 हाशिया दर हाशिया नंबर : 3)

आप अलैहिस्सलाम यहां वेद जो हिंदूओं की किताब है इस का मुवाज़ना कर रहे थे और साबित फ़रमाया कि वेद में तो ऐसा वर्णन ही नहीं जो क़ुरआन-ए-करीम में है। और फिर लंबी इबारतें हैं इस की जिन्हें पढ़ना ही मुश्किल है। आप अलैहिस्सलाम ने हर मज़हब को चैलेंज किया था कि आओ मैं ये सब खूबियां तुम्हें क़ुरआन-ए--करीम से दिखाता हूँ।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के इलावा इस ज़माने में कोई नहीं जिसने इस तरह दुनिया को चैलेंज किया हो।

फिर भी हम पर इल्ज़ाम कि नऊज़ूबिल्लाह (हम इससे ख़ुदा की शरण चाहते हैं) हम क़ुरआन-ए-करीम की तौहीन करने वाले हैं

क़ुरआन-ए-करीम का ज़माना कामिल तालीम का मुक़तज़ा था फ़रमाते हैं : "क़ुरआन शरीफ़ ने ही कामिल तालीम अता की है और क़ुरआन शरीफ़ काही ऐसा ज़माना था जिसमें कामिल तालीम अता की जाती।" यह कुछ वर्णन पहले भी हो चुका है। "अतः यह दावा कामिल तालीम का जो क़ुरआन शरीफ़ ने किया यह उसी का हक़ था उस के सिवा किसी आसमानी किताब ने ऐसा दावे नहीं किया।"

(बराहीन-ए-अहमदिया भाग 5, रुहानी ख़ज़ायन भाग 21 पृष्ठ 4)

फ़रमाया "हमारे नज़दीक तो मोमिन वही है जो क़ुरआन शरीफ़ की सच्ची पैरवी करे और क़ुरआन शरीफ़ ही को ख़ातमुल कुतुब यक़ीन करे।" मोमिन की यह निशानी है"और इसी शरीयत को जो आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम दुनिया में लाए थे उसी को हमेशा तक रहने वाली माने और इस में एक ज़र्रा भर और एक शोशा भी न बदले और इस की इत्तेबा में फ़ना हो कर अपना आप खो दे और अपने वजूद का हर ज़र्रा इसी राह में लगाए अमलन और इल्मन उस की शरीयत की मुख़ालेफ़त न करे तब पक्का मुस्लमान होता है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 10 पृष्ठ 267 ऐडीशन 1984 ई.) अब हमें यह जायज़े लेने की ज़रूरत है।

क़ुरआन-ए-करीम के आख़िरी किताब होने के बारे में आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि क़ुरआन शरीफ़ ऐसे ज़माने में आया था कि जिसमें प्रत्येक तरह की ज़रूरतें थीं जिनका पेश आना मुम्किन है पेश आ गई थीं अर्थात समस्त उमूर अख़लाक़ी और एतेक़ादी और कोली और फ़ेली बिगड़ गए थे और प्रत्येक किस्म का इफ़रात और तफ़रीत और प्रत्येक नौ का फ़साद अपने इंतेहा को पहुंच गया था। इसलिए क़ुरआन शरीफ़ की तालीम भी इंतेहाई दर्जा पर नाज़िल हुई। अतः इन्ही माअनों से शरीयत फ़िर्क़ानी पूर्ण और मुकम्मल ठहरी और पहली शरीयतें नाक़िस रहीं क्योंकि पहले ज़मानों में वह मफ़ासिद कि जिनकी इस्लाह के लिए इल्हामी किताबें आई वह भी इंतेहाई दर्जा पर नहीं पहुंचे थे और कुरान-ए-शरीफ़ के वक़्त में वे सब अपने इंतेहा को पहुंच गए थे। बहुत से बच्चे या नौजवानी में क़दम रखने वाले लोग सवाल करते रहते हैं उनके लिए जवाब है कि पहले वे बातें इंतेहा को नहीं पहुंची थीं यहां इंतेहा को भी पहुंच गईं। इसलिए तालीम भी इंतेहा को पहुंच गई। इसलिए क़ुरआन-ए-करीम नाज़िल हुआ और इसलिए आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वस-ल्लम के ज़रीया से इस्लाम की बुनियाद पड़ी। अतः अब क़ुरआन शरीफ़ और दूसरी इल्हामी किताबों में फ़र्क़ यह है कि फ़रमाया पहली किताबें अगर प्रत्येक तरह के ख़लल से महफ़ूज़ भी रहतीं फिर भी वे बाव्जाह नाक़िस होने तालीम के ज़रूर था कि किसी वक़्त कामिल तालीम अर्थात फुर्क़ान मजीद ज़हूर पज़ीर होता। उनके सामने बाअज़ बातें आई ही नहीं थीं तो वह वर्णन किस तरह करते। इसकी तालीम नाक़िस थी इसलिए क़ुरआन-ए-मजीद का ज़हूर होना ज़रूरी था। फ़रमाया परंतु क़ुरआन शरीफ़ के लिए अब यह ज़रूरत पेश नहीं कि इस के बाद कोई और किताब भी आए क्योंकि कमाल के बाद और कोई दर्जा बाक़ी नहीं। हाँ अगर यह फ़र्ज़ किया जाए कि किसी वक़्त उसूल हक़्क़ा क़ुरआन शरीफ़ के वेद और इंजील की तरह मुशरिकाना उसूल बनाए जाऐंगे और तालीम तौहीद में तबदील और तहरीफ़ अमल में आवेगी। क़ुरआन-ए-करीम में कोई तहरीफ़ अमल में आएगी या यदि साथ उसके यह भी फ़र्ज़ किया जाए जो किसी ज़माने में वह करोड़ों मुस्लमान जो तौहीद पर क़ायम हैं वह भी फिर तरीक़-ए-शिर्क और मख़लूक़ परस्ती का इख़तेयार कर लेंगे तो बेशक ऐसी सूरत में दूसरी शरीयत और दूसरे रसूल का आना ज़रूरी होगा। हाँ अगर यह सूरत-ए-हाल पैदा होती है तो हो सकता है बल्कि होगा, ज़रूर होगा परंतु दोनों किस्म के फ़र्ज़ हैं यह फ़र्ज़ की गई बातें हैं और यह है।

(उद्धृत बराहीन-ए-अहमदिया, रुहानी ख़ज़ायन भाग 1 पृष्ठ 101-102 बक़ीया हाशिया नंबर : 9)

यह हो ही नहीं सकता क्योंकि अल्लाह तआला ने वादा फ़रमाया है कि मैं इस शरीयत को महफ़ूज़ रखूँगा और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को इसी उद्देश्य के लिए भेजा और यही हमारा काम है।

फिर आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं कि "निजात के वास्ते जैसा कि अल्लाह तआला ने बार-बार फ़रमाया है वही ज़रूरी है और वह यह है कि अव्वल सच्चे दिल से अल्लाह तआला को वाहदा लाशरीक समझे और आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को सच्चा नबी यक़ीन करे और क़ुरआन शरीफ़ को किताबुल्लाह समझे कि वह ऐसी किताब है कि क़ियामत तक अब और कोई किताब या शरीयत न आएगी यानी कुरान-ए-शरीफ़ के बाद अब किसी किताब या शरीयत की ज़रूरत नहीं है।" (मल्फ़ूज़ात भाग 6 पृष्ठ 236 ऐडीशन 1984 ई.

क़ुरआनी वह्यी की शान के मुताल्लिक़ आप अलैहिस्सलाम वर्णन फ़रमाते हैं कि " ख़ुदा की लानत उन पर जो दावा करें कि वे क़ुर्आन का सदृशय ला सकते हैं। पवित्र क़ुर्आन चमत्कार है जिसका सदृश कोई इन्सान और जिन्न नहीं ला सकता और इसमें वे अध्यात्म ज्ञान और खूबियाँ जमा हैं जिन्हें इंसानी ज्ञान जमा नहीं कर सकता बल्कि वह ऐसी वह्यी है कि उसका सदृशय और कोई भी वह्यी नहीं। यद्यपि रहमान (ख़ुदा) की ओर से उसके और कोई वह्यी भी हो। इसलिए कि वह्यी पहुँचाने में ख़ुदा की चमकारें भी हैं और यह निश्चित बात है कि ख़ुदा तआला की चमकार जैसी कि ख़ातमुल अंबिया पर हुई ऐसी किसी पर न पहले हुई और न कभी बाद में होगी और जो शान क़ुर्आन की वह्यी की है वह वलियों की वह्यी की शान नहीं। यद्धपि क़ुर्आन के वाक्यों के समान कोई कलिमा: उन्हें वह्यी किया जाए। इसलिए कि क़ुर्आन के अध्यात्म ज्ञानों का दायरा सब दायरों से बड़ा है और उसमें केवल ज्ञान और हर प्रकार की विचित्र और गुप्त बातें जमा हैं और उसकी बारीक बातें बड़ी उत्तम श्रेणी के गहरे मुक़ाम तक पहुँची हुई हैं और वह बयान तथा तर्कों में सब से बढ़ कर और उसमें में सबसे अधिक इरफ़ान है और वह ख़ुदा का चमत्कारिक कलाम है जिसका सदृश कानों में नहीं सुना और उसकी शान को जिन्नों और इन्सानों का कलाम नहीं पहुँच सकता। अत: क़ुर्आन और इसके कलाम का उदाहरण उस स्वप्न का है जिसे एक न्यायवान बुलंद हिम्मत और पूर्ण बुद्धिमान बादशाह ने और वही स्वप्न देखा एक अन्य साधारण मंद बुद्धि ने, कम हिम्मत व्यक्ति ने। तो इसमें संदेह नहीं कि बादशाह का स्वप्न और सामान्य व्यक्ति का स्वप्न यद्यपि ज़ाहिर में एक ही है परन्तु बुद्धिमान और स्वप्न फल जानने वाले के निकट एक नहीं अपितु न्यायवान बादशाह की ताबीर बहुत बुलंद, सामान्य और लाभ पहुँचाने तथा सब लोगों के पक्ष में खैर-व-बरकत और बहुत ही दुरुस्त और साफ़ है परन्तु साधारण मनुष्य का स्वप्न अधिकतर सूरतों में लिखने और मैल कुचैल से पवित्र नहीं होता। इसके अतिरिक्त उसका प्रभाव बेटों और बापों और थोड़े से दोस्तों से आगे नहीं जाता और यदि इस पर सवार भी हों तो भी बहुत ही निकट स्थान में डेरे डाल देते हैं। और पालनों से उतर कर आशियानों में घुस जाते हैं परन्तु पवित्र क़ुर्आन के सवारों क़ा यह हाल है कि वह आबादी के हर दायरे को ठीक करते हैं और किसी भी शक्ति का परिंदा उससे ऊपर नहीं उड़ सकता और हर पूंजी वाला उसी के ख़ज़ानों और दफ़ीनों से कुछ लेता है और मेरे नज़दीक हर बोलने वाला इस क़र्ज़े में ग्रस्त होने के बिना केवल खाली हाथ है और कर्ज़दार से सख्त मांग की जाती है और सख्त कोशिशें की जाती है कि क़ाज़ी (जज) तक पहुंचा कर उससे रुपया प्राप्त किया जाये परन्तु पवित्र क़ुर्आन दरिद्रों को दान देता और समस्त तंगियाँ दूर करता अपितु निष्कपटता वालों को सोने की डलियाँ देता है और अपने क़र्ज़दारों को मुहलत देने का उपकार नहीं जताता अपितु उनको सोना एकत्रित' करने की प्रेरणा देता है।

दूसरे लोग तो अगर कोई चीज़ दे दें तो अपने क़र्ज़दारों से मुक़द्दमे बाज़ियां करते हैं लेकिन क़ुरआन-ए-करीम तो ऐसा इल्म देता है जो उस के इलम-ओ-इर्फ़ान के चश्मे बटहते चले जाते हैं। यह इस तरह ही है जिस तरह सोने की डलियां मिल रही हैं" और अपने क़र्ज़दारों को मोहलत देने का एहसान नहीं जताता बल्कि उनको सोना इकट्ठा करने की तरग़ीब देता है।" फ़रमाया".. हम तो अव्वल कटोरे बने फिर क़ुरआन के दरिया से लबालब हुए।" (अल्हुदा, रुहानी ख़ज़ायन भाग 18 पृष्ठ 275 से 278) मेरा हाल पूछते हो तो मैं तो पहले एक पियाला बुना, मिट्टी का कटोरा बना और फिर जो क़ुरआन-ए-करीम का दरिया है इस के पानी से मैंने अपने आपको भरा। अरबी इबारत में क्योंकि यह इस तरह है इसलिए उस का अपना एक अंदाज़ है। अनुवाद भी इसी तरह है।

आप अलैहिस्सलाम फ़रमाते हैं : "मेरे नज़दीक ख़ुदा की लानत उस पर जो क़ुरआन के एजाज़ का इन्कार करता और अपने कलाम और निज़ाम को बजा-ए--ख़ुद कोई मुस्तक़िल वस्तु समझता है और ख़ुदा की क़सम! हम तो उसी चशमा से पीते और उस की ज़ीनत से आरास्ता होते हैं इसी सबब से तो हमारे कलाम में नूर और सफ़ा होती और हमारे बोलने में रोशनी और शिफ़ा और ताज़गी और ख़ूबसूरती चमकती है और मुझ पर क़ुरआन के सिवा और किसी का एहसान नहीं और उसने मेरी ऐसी परवरिश की है कि वैसी माँ बाप भी तो नहीं करते और ख़ुदा ने मुझे इस से ख़ुशगवार पानी पिलाया और हमने उसको रोशन करने वाला और मददगार पाया।"

(अल्हुदा, रुहानी ख़ज़ायन भाग 18 पृष्ठ 279)

